# कार्यालय जिलाधिकारी, जनपद–सुलतानपुर

Email- dmsul@nic.in

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों की दिनांक 26.06.2025 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी/फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री अंकुर कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
2. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
3. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
4. श्री आर०एस० प्रसाद, सहा०अभि०, खण्ड कार्यालय(वि०/यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
5. श्री प्रितम सिंह, सहायक अभियन्ता (SWSM), खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. श्री कुमार नीतीश, डी०पी०एम०, मेसर्स पिचनर, टी०पी०आई०, सुलतानपुर।
7. श्री नीरज त्रिपाठी, आई०एस०ए० को–ऑर्डिनेटर, प्रतिनिधि, डी०पी०एम०यू०, सुलतानपुर।
8. श्री मनीष सिंह, सहा०जन०मैने०, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
9. श्री अभिजीत पाण्डेय, परि०प्रब०, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
10. श्री हरेन्द्र भाम्भू, परि०प्रब०, मेसर्स यू०एम०पी०ई०एस०एल०, सुलतानपुर।
11. श्री अंकित उपाध्याय,परि०प्रब०, मेसर्स जी०पी०एल०–रैमकी (जे०वी०)/एम०आई०आ०पी०पी०एल०, सुलतानपुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में जनपद सुलतानपुर में नामित एजेन्सी की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

➢ **मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे०वी०)–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–**

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 23 नग | मात्र 2 उच्च जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | – |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 56 नग | 02 कार्यस्थल पर कार्य प्रगति पर है। |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 49 नग | 24 नग | लेबर नहीं है। |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 किमी० | 1057 किमी० | पाइप ज्वाईटिंग का कार्य प्रगति पर है। |
| 6 | एफ०एच०टी०सी० कनेक्शन | 34733 नग | 31150 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 67 नग | 17 नग | – |
| 8 | नियमित जलापूर्ति | 67 ग्राम | 25 ग्राम | सोलर अधिष्ठापन न होने के कारण |

फर्म मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा प्रा०लि० के परियोजना प्रबन्धक श्री अंकित उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 02 उच्च जलाशय पर कार्य प्रगति पर है । दिसम्बर, 2025 तक समस्त उच्च जलाशय का कार्यपूर्ण कर लिया जायेगा व समस्त राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

➢ **मेसर्स यूनिवर्सल एम०ई०पी० प्रो० प्रा०लि०–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 310 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–**

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 75 नग | 20 शिरोपरि जलाशय पर पाइपिंग व जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 178 नग | – |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 163 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 127 नग | 105 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी० | 3029 किमी० | कार्य प्रगति पर है। |
| 6 | एफ०एच०टी०सी० कनेक्शन | 80379 नग | 76912 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 310 | 110 नग | – |
| 8 | नियमित जलापूर्ति | 310 ग्राम | 226 ग्राम | सोलर अधिष्ठापन/ज्वाइटिंग कार्य शेष होने के कारण शेष राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नही हो रही है। |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के परियोजना प्रबन्धक श्री हरेन्द्र भाम्भू द्वारा आश्वासन दिया गया कि शिरोपरि जलाशय का कार्य मार्च, 2026 तक पूर्ण कर समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति शिरोपरि जलाशय से दिसम्बर, 205तक प्रारम्भ दी जायेगी।

➢ **मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)**– जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1251 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 32 नग | 67 शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 513 नग | – |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 460 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 360 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 5 | पाइप लाइन | 10261 किमी0 | 10230 किमी0 | कार्य प्रगति पर है। |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 243717 नग | 228612 नग | कार्य प्रगति पर है। |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 1251 नग | 82 नग | – |
| 8 | नियमित जलापूर्ति | 1251 ग्राम | 210 ग्राम | सोलर अधिष्ठापन/ज्वाइंटिंग कार्य शेष होने के कारण शेष राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। |

फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जे0वी0 के सहायक जनरल मैनेजर श्री मनीष सिह द्वारा अवगत कराया गया है कि 67 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य प्रगति पर है जिसमें 22 नग डी0आई0डी0एफ0 पाइप फिटिंग मटेरियल साइट पर आ चुकी है जिसकी फिटिंग कार्य प्रगति पर है। 26 नग पेयजल योजना की डी0आई0डी0एफ0 की परचेज की गयी जिसकी आर्डर की रसीद खण्ड कार्यालय जल निगम ग्रामीण को प्रेषित कर दी जायेगी एवं आश्वासन दिया गया कि शिरोपरि जलाशय का कार्य मार्च, 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ कर दी जायेगी।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि जनपद सुलतानपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति धीमी है जिसमें सुधार किया जाना अति आवश्यक है।

जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति बढ़ाने एवं जनपद की रैंक को सुधारने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–

1. वर्तमान में जनपद सुलतानपुर के कुल 1697 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 282 राजस्व ग्रामों को 'हर घर जल' से आच्छादित करते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराया हुआ है, जोकि कुल 16.60 % है। जनपद सुलतानपुर के हर घर जल प्रमाणीकरण बढ़ाने हेतु मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)/मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)/मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0, प्रोजेक्ट प्रा0लि0 को निर्देश दिये गये कि सभी मानको के संतृप्ति करते हुए पेयजल योजना का कार्य पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।
2. फर्मो को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पेयजल योजना से सम्बन्धित समस्त कम्पोनेंट की कार्ययोजना, आवश्यक श्रमिकों की तैनाती तथा सामग्रियों की उपलब्धता का विस्तृत विवरण तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
3. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर द्वारा निर्माण कार्यो में प्रयुक्त किये जाने वाले निर्माण सामाग्रियों की नियमित जॉच कर रिपोर्ट तैयार की जायेगी तथा निर्देश दिये गये आगामी बैठक में निर्माण गुणवत्ता रिपोर्ट से सम्बन्धित पीपीटी तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी के सहायक जनरल मैनेजर श्री मनीष सिंह को निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक तक 150 शिरोपरि जलाशय में कार्य प्रारम्भ हो जाये। मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री हरेन्द्र भाम्भू को निर्देश दिये गये कि शेष 27 नग शिरोपरि जलाशय कार्य प्रारम्भ हो जाये। मेसर्स गायत्री–रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अंकित उपाध्याय को निर्देश दिये गये कि शेष 26 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ हो जाये एवं सभी को यह भी निर्देशित किया गया कि अगामी बैठक तक समस्त पाइप लाइन ज्वाइंटिंग कार्य/पम्पहाउस का कार्य पूर्ण हो जायें।
5. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी के सहायक जनरल मैनेजर श्री मनीष सिंह/मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री हरेन्द्र भाम्भू को निर्देश दिये गये कि शेष 02/01 नलकूप आगामी बैठक तक पूर्ण करायें।
6. कार्यदायी फर्मो को अपने स्टेट हेड से समन्वय कर लक्षित ग्रामों को निर्धारित समयावधि में योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्माण सामाग्रियों, पाइपों, डी0आई0 पाइप एवं फिटिंग, वि0/यां0 संयंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

7. पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गों को पुनर्स्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओं/ग्रामों में सड़क पुनर्स्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुनर्स्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा टी०पी०आई० द्वारा प्रत्येक मार्ग को स्थलीय निरीक्षण करके गुणवत्ता की आख्या प्रस्तुत की जायेगी।
8. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि कार्य पूर्ण करने की जो तिथि फर्म द्वारा बताई गई है उस तिथि तक कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण किये जायें।

17.7.25

(कुमार हर्ष)
(I.A.S)
जिलाधिकारी
सुलतानपुर।

पृ०सं० 1929 / W-30 / 34 दिनांक 18/07/2025
प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सुलतानपुर।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प—सुलतानपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि०/यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
9. मेसर्स फिचनर—टी०पी०आई०, सुलतानपुर/डिस्ट्रिक्ट—को ऑर्डिनेटर, डी०पी०एम०यू०—आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
10. श्री मनीष सिंह, सहा०जनरल मैनेजर, मेसर्स विध्या टेलीलिंक—गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
11. श्री हरेन्द्र शम्भू, परि०प्रब०, मेसर्स यू०एम०पी०ई०एस०एल०, सुलतानपुर।
12. श्री अंकित उपाध्याय, परि०प्रब०, मेसर्स जी०पी०एल०—रैगकी(जे०वी०)/एम०आई०आर०पी०पी०एल०, सुलतानपुर।

(कुमार हर्ष)
(I.A.S)
जिलाधिकारी
सुलतानपुर।